तकनीकी बिड :—

| कमांक | सामग्री | संख्या | तकनीकी विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | एअर कंडिशनर दो टन | 16 | ISO 9001& 14001 Certified wall Mount spilt type 2.0 ton with 5 star rating in which Indoor Unit is having LED Display, air vent cross flow/auto with moisture removal Feature. warranty should be at least three years.<br>एअर कंडिशनर के साथ आउटर युनिट तक लगने वाले पाईप/फिटिंग, कम से कम 3 मीटर की सीमा तक निविदाकर्ता द्वारा बिना किसी चार्ज के लगाई जाना आवश्यक होगा, 3 मीटर से अधिक पाईप फिटिंग आदि की आवश्यकता होने पर उसके लिए देय राशि प्रति मीटर की दर से निविदा में उल्लेखित की जावेगी। |
| 2 | स्टेबलाइजर — 2 टन एअर कंडीशनर के लिये | 16 | Electronic voltage stabilizer of reputed make with voltage display and auto cut off facilities to support running of 2 ton capacity air conditioner. |

## निविदा की शर्ते

1. निविदा दस्तावेज एवं सीलबंद लिफाफे में जिसके अन्दर दो पृथक सीलबंद लिफाफे (तकनीकी बिड एवं वित्तीय बिड) के साथ जमा किये जावेंगे। कोई भी निविदा विज्ञप्ति में दर्शित अंतिम दिनांक के बाद स्वीकार नहीं की जावेगी। पोस्ट अथवा कोरियर से निविदाओं को भेजा जा सकेगा, किन्तु इस माध्यम से समय उपरांत प्राप्त निविदाओं के लिए कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश बुरहानपुर उत्तरदायी नहीं होगा।

2. निविदाकर्ता द्वारा तकनीकी बिड में निविदा शर्ते मानने बाबत् हस्ताक्षरित पत्र, विगत 03 वित्तीय वर्षो का आयकर, रिटर्न, पैन नंबर, मान्य टिन नंबर, जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन/नंबर कंपनी प्रोफाईल/टर्न ओवर समाहित होगा। इसके अतिरिक्त निविदाकर्ताओं को ए.सी. की सेल्स, सर्विस एवं टैक्निकल सपोर्ट में न्यूनतम 03 वर्षों का अनुभव प्रमाण—पत्र तथा विगत 03 वर्षों में केन्द्र शासन/राज्य शासन/प्रतिष्ठित निजी संस्थान में ए.सी. की सप्लाई संबंधी जानकारी तकनीकी बिड में प्रस्तुत करना आवश्यक होगा। समस्त निविदाकर्ताओं द्वारा प्रतिष्ठित ब्राण्ड के ए.सी. की निविदाएं ही प्रस्तुत की जायेगी। इसके अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश बुरहानपुर के नाम से रू—20,000/—मूल्य की प्रतिभूति राशि बाबत् डिमांड डाफ्ट प्रस्तुत किया जावेगा। उक्त प्रतिभूति राशि निविदा की अंतिम वैधता की तिथि के बाद 45 दिन की अवधि के लिए वैध होना आवश्यक होगा। डिमांड डाफ्ट के अभाव में निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी। प्रतिभूति राशि पर ब्याज देय नहीं होगा।

3. यदि आयकर रिटर्न फर्म के नाम से न होकर फर्म के पार्टनर अथवा प्रोपराइटर के नाम से है तो निविदा के साथ उन दस्तावेजों की प्रमाणित प्रतिलिपि भी संलग्न की जावेगी, जिनसे यह दर्शित हो कि आयकर जमा करने वाला व्यक्ति निविदाकर्ता फर्म का प्रोपराइटर या पार्टनर है और उसने फर्म की ओर से आयकर जमा किया है।

4. सफल निविदाकर्ता को क्रय आदेश जारी होने के पश्चात् क्रय आदेश मूल्य की 05 प्रतिशत राशि निष्पादन प्रतिभूति के रूप में डी.डी./एफ.डी.आर. द्वारा जिला एवं सत्र न्यायाधीश बुरहानपुर के नाम जमा करानी होगी, जो वारंटी बाध्यताओं सहित आपूर्तिकर्ता की सभी संविदाकृत बाध्यताओं के पूरे होने की तारीख के बाद 60 दिन की अवधि के लिए वैध होना आवश्यक होगा। उक्त निष्पादन प्रतिभूति के प्राप्त होने के पश्चात् सफल निविदाकर्ता को पूर्व में जमा प्रतिभूति राशि लौटा दी जावेगी। सभी निविदाकर्ता निर्धारित आई.ओ.एस. प्रमाण–पत्रों का पालन सुनिश्चित करें।

5. एक से अधिक फर्म/विक्रेता के द्वारा प्रस्तुत की गयी दरे समान होने की स्थिति में निविदा प्रस्तुत करने वाली फर्म/विक्रेता की साख/कार्य गुणवत्ता वारंटी आदि को ध्यान में रखकर सर्वोत्तम साख/कार्य गुणवत्ता वाली फर्म की निविदा स्वीकार की जा सकेगी। इस हेतु जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय का निर्णय अंतिम होगा।

6. निविदा की शर्त अथवा क्रय की गई सामग्री सप्लाई करने आदि में किसी भी प्रकार की विवादित स्थिति उत्पन्न होने की स्थिति में जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।

7. क्रय/सप्लाई/कार्य आदेश किसी भी समय जिला एवं सत्र न्यायाधीश बुरहानपुर के द्वारा बिना कोई कारण बताये निरस्त किया जा सकता है तथा इसके लिए किसी भी प्रकार की क्षतिपूर्ति देय नहीं होगी।

8. वातानुकूलित संयत्र क्रय किए जाने की संख्या आवश्यकतानुसार कम या अधिक की जा सकती है।

9. क्रय आदेश जारी होने की दिनांक से 15 दिवस के अंदर सामग्री की प्रदायगी व जिला न्यायालय बुरहानपुर में इंस्टॉलेशन सुनिश्चित करना होगा अन्यथा क्रय की जाने वाली सामग्री का क्रय आदेश निरस्त किया जाकर सुरक्षा निधि की राशि राजसात किए जाने की कार्यवाही की जावेगी। वातानुकूलित संयत्र इंस्टॉलेशन उपरांत ही बिल ग्राह्य किया जावेगा।

10. क्रय की जाने वाली सामग्री प्रदायगी उपरांत विभागीय क्रय समिति द्वारा निविदा अनुरूप गुणवत्ता एवं निर्धारित मानक अनुसार पाये जाने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर देयक भुगतान की कार्यवाही की जावेगी अन्यथा क्रय की गई सामग्री अमानक पाये जाने पर मूलतः विक्रेता के व्यय पर वापस की जावेगी।

11. तकनीकी बिड का लिफाफा निविदाकर्ताओं की उपस्थिति में दिनांक 23.09.2017 को खोला जावेगा। यदि निविदाकर्ता का कोई प्रतिनिधि उपस्थित होना चाहता है तो निविदाकर्ता को इस बाबत् संस्था द्वारा अधिकृत पत्र प्रस्तुत करना होगा। तकनीकी बिड में दर्शित दस्तावेजों एवं निविदा शर्तों के मूल्यांकन पश्चात् कय समिति द्वारा बिड में दर्शित सामग्री के तकनीकी मापदंडों में सफल पाये जाने पर ही निविदाकर्ता की वित्तीय बिड का लिफाफा खोला जावेगा।

12. निविदाकर्ता द्वारा निविदा में प्रस्तुत प्रत्येक ए.सी. पर न्यूनतम 03 वर्षों की ऑनसाईट वारण्टी एवं स्टेप्लाईजर पर न्यूनतम 03 वर्षों की वारण्टी प्रदान किया जाना आवश्यक होगा। वारण्टी अवधि में ए.सी. अथवा स्टेप्लाईजर में किसी प्रकार की समस्या आने पर 02 कार्य दिवसों में ठीक कराया जाना अनिवार्य होगा।

13. समस्त निविदाएं तथा उनमें दर्शित दरें तकनीकी बिड खोले जाने की दिनांक से न्यूनतम 03 माह की अवधि तक मान्य होना आवश्यक है। ऐसा न होने की दशा में निविदा निरस्त करते हुए प्रतिभूति राशि जप्त की जा सकती है।

14. निविदा आमंत्रण की शर्तों में विसंगति पाये जाने अथवा किसी भी विवाद की स्थिति में विवाद का निराकरण मध्यप्रदेश भण्डार कय तथा सेवा उपार्जन नियम–2015 के प्रावधानों तथा भारतीय कानून के अनुसार ही किया जावेगा।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश
बुरहानपुर (म.प्र.)

## – वित्तीय बिड –
## :: निविदा का प्रारूप ::

प्रति,

जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
जिला बुरहानपुर म.प्र.।

1. वित्तीय बिड (रूपये में) समस्त कर, इंस्टालेशन चार्ज, भाड़ा इत्यादि सहित।
2. बिड दरों में कम से कम 03 साल की ऑनसाईट वारण्टी एवं टैक्निकल सपोर्ट समाहित हो।
3. सभी प्रकार के करों एवं कय मूल्य का खुलासा एवं सकल योग स्पष्ट रूप से निविदा में अंकित किया जावे।

**निविदाकर्ता संस्था का नाम** ..........................................................

**ए.सी. की कंपनी** ..........................................................

**ए.सी. का मॉडल** ..........................................................

| क. | सामग्री विवरण | प्रति नग दर | जी.एस.टी. | अन्य टैक्स विवरण | मूल्य | ए0सी0 की संख्या | कुल मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Split Air-Conditioner of 2.0 ton capacity with 5 star rating (including all necessary accessories and installation charge)<br>एअर कडिशनर के साथ आउटर युनिट तक लगने वाले पाईप/फिटिग, कम से कम 3 मीटर की सीमा तक निविदाकर्ता द्वारा बिना किसी चार्ज के लगाई जाना आवश्यक होगा, 3 मीटर से अधिक पाईप फिटिग आदि की आवश्यकता होने पर उसके लिए देय राशि प्रति मीटर की दर से निविदा में उल्लेखित की जावेगी। | | | | | 16 | |
| 2 | Stabilizer for 2.0 ton Air-Conditioner | | | | | 16 | |

1. **बिड का कुल मूल्य (रूपये में)** ..............................................
2. **बिड का कुल मूल्य (शब्दों में)** ..............................................
3. **प्रतिभूति राशि 20,000/–रू. के डिमांड ड्राफ्ट का नंबर एवं दिनांक** ..............................................
4. **निविदाकर्ता के हस्ताक्षर एवं सील** ..............................................
5. **निविदाकर्ता का नाम** ..............................................
6. **संपूर्ण पता** ..............................................
7. **दूरभाष नंबर एवं ईमेल आई.डी.** ..............................................
8. **दिनांक** ..............................................